वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 77 | शनिवार 15 जुलाई 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# "पधारो म्हारे देस" अतिथि को भगवान मानने की परंपरा

## संसद की नींव में राजस्थान का पत्थर, दोनों सदन भी राजस्थानी चला रहे : मुर्मू

**जयपुर. कासं**


राष्ट्रपति खाटूश्याम मंदिर में दर्शन करते हुए।

राष्ट्रपति ने पधारो म्हारे देस को राजस्थान की अतिथि को भगवान मानने की परंपरा का प्रतीक बताया। मुर्मू ने महाकवि माघ, पृथ्वीराज चौहान, राणा सांगा, महाराणा प्रताप, चंद बरदाई का पृथ्वीराज रासो, चित्तौड़ का विजयस्तंभ, राणा पूंजा भील, मीरा बाई, मोतीलाल तेजावत, वीर बाला कालीबाई भील, गोविंदगुरु, मानगढ़ धाम, शारदा एक्ट की राजस्थानी नायिका प्रमीला शारदा, मोहनलाल सुखाड़ि व भैरोंसिंह शेखावत के योगदान को याद किया। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने कहा कि राजस्थान की राजनीति में भैरोंसिंह शेखावत ने अलग मिसाल पेश की। कड़ी मेहनत से देश के सबसे लोकप्रिय जनसेवकों में स्थान बनाया। वे दूरदृष्टि वाले नेता थे। युगदृष्टा थे। वे आने वाली चुनौतियां वे पहले भांप लेते थे। राष्ट्रपति ने कहा कि देश में महिला सांसदों की संख्या 100 से ऊपर हो गई है। देश के 33 लाख से अधिक निर्वाचित प्रतिनिधियों में 46 प्रतिशत से अधिक महिलाएं हैं। यह संसदीय परंपराओं को अपनाने वाले नेताओं के योगदान से हुआ। राष्ट्रपति सीपीए चेप्टर राजस्थान की ओर से शुक्रवार शाम आरआईसी सेंटर झालाना में राजस्थान विधानसभा के प्रमुख संवैधानिक पद धारकों का लोकतंत्र के सुदृढ़ीकरण में योगदान विषयक सेमिनार को संबोधित कर रही थी। राजस्थान विधानसभा में शुक्रवार को इतिहास बना। 1952 से अब तक के इतिहास में पहली बार राष्ट्रपति ने संबोधित किया। मुर्मू ने 19 मिनट 40 सेकेंड का संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि गौरव की बात है कि देश के दो सदनों राज्यसभा और लोकसभा को राजस्थानी चला रहे हैं। दोनों राजस्थान विधानसभा के पूर्व सदस्य रहे हैं। राष्ट्रपति भवन निर्माण में लगे अधिकांश पत्थर राजस्थान से भेजे गए। उन्होंने कहा कि विधायको! आप सौभाग्यशाली हो। जनता आपको कितना प्यार देती है। आपकी चाल चरित्र को तो देखती ही है, यहां तक कि आपकी कलाई पर बंधे धागे तक का अनुसरण करती है। एक्स वाई को दोष न देकर सोचें कि आपने क्या किया? जनप्रतिनिधि सदन में क्या बोलता है, यह कभी-कभी अखबारों से पता लगता था, आज सब कुछ लाइव चलता है। हमारे चाल-चलन, आचार-विचार जनता के लिए होने चाहिए। जनप्रतिनधि को मैं और मेरा नहीं, हमारा सोचना चाहिए। सभी माननीयों को कहना चाहती हूं आप सब कितने भाग्यशाली हैं। राजस्थान की आबादी 7 करोड़ से ज्यादा है। विधानसभा के जनप्रतिनिधि केवल 200 हैं। जनता ने आपको जनप्रतिनिधि के रूप में विधानसभा में भेजा। कभी एक बार, दो बार, 4 बार, जिन्दगीभर बार-बार चुनकर इस सभामंडल को सुशोभित करते हैं। जनता आपको कितना प्यार करती है? राजस्थान का नाम सुनकर मेरे दिल में ये भावना आती है कि आज यहां राजाओं का राज नहीं, लोकतंत्र है। मुझे लगता है कि भरोसा कायम होना चाहिए।

# जयपुर ज्वैल्स फाउंडेशन की मोरोकन नाइट में किया एन्जॉय

## अफ्रीकन देश मोरोक्को की सभ्यता और संस्कृति आई नजर, एकता और सद्भावना रही थीम

**जयपुर. कासं।** जयपुर ज्वैल्स फाउंडेशन की ओर से मोरोक्कन नाइट थीम पार्टी का आयोजन अजमेर रोड स्थित होटल नेस्ट में किया गया। जिसमें अफ्रीका के इस छोटे से देश मोरोक्को की सभ्यता और संस्कृति की झलक देखने को मिली। इस अवसर पर जयपुर ज्वैल्स फाउंडेशन के सदस्यो ने भी मोरक्कन अंदाज में कपडे.पहनकर पार्टी में प्रदर्शित मोरोकन खाने जैसे हरिश सूप, टैगीन, मकुडा, सालुक आदि का स्वाद चखा। इन फूड्स को इंडियन तड़के के साथ बनाया गया था। पार्टी की मुख्य थीम एकता ओर सद्भावना की भावना पर आधारित थी। इस लिए लोगों को एकसाथ मिलजुल कर बैठाया गया। इस अवसर पर मुबंई से आये प्रसिद्ध बैली डांसर अजित शेट्टी ने खास पारम्परिक अफ्रिकन शेली में नृत्य प्रस्तुत किया, तो वहां उपस्थित सभी लोग वाह-वाह करने को मजबूर हो गए। इस अवसर पर रूस से आई हुई सलिना मेलिलाना ने भी अलग-अलग अंदाज में नृत्य की मन मोहक प्रस्तुतियों से खूब दाद बटोरी। जयपुर ज्वैल्स फाउन्डेशन के संस्थापक अध्यक्ष हितेश सपना भांडिया ने बताया कि अजित शेट्टी, सलिना मेलिलाना के अलावा विशेष रूप से मोरोक्को से आए हुए विदेशी दम्पती ने मोरोक्कन अदांज में सालसा की विभिन्न अलग-अलग प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम इतना मनमोहक हो रहा था कि उपस्थित सदस्यों ने देर रात 4 बजे तक अपने स्थान से उठ नही पाए। इस अवसर पर उपस्थित 125 से भी अधिक दम्पतियों ने भी पारम्परीक काफ्तान, कुर्ता पजामा, पठानी, कोडसेट आदि पहनकर लुप्त होती जा रही महफिल स्टाइल को यादगार बनाया। सभी रंग बिरंगे गद्दे और मसंद पर बैठ कर देर रात तक बहुत फोटोज खींचवाते नजर आए। मंद-मंद इत्र की खुशबू पूरी फिजा को रूमानियत के रंग में रंग रही थी।





# शहर के युवा कलाकारों ने सजाई भित्ति चित्रांकन की मनभावन दुनिया

## पांच दिवसीय म्यूरल आर्ट कार्यशाला का समापन



**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर द्वारा शिल्पग्राम में आयोजित 5 दिवसीय म्यूरल आर्ट कार्यशाला का समापन शुक्रवार को हुआ। इस कार्यशाला में केरल से आए विशेषज्ञ अनिल एवं रवीन्द्रन ने चयनित 32 प्रतिभागियों को इस पारंपरिक कला की बारीकियां सिखाई। इससे पूर्व कुछ स्कूली छात्र छात्राओं ने भी कैंप में विजिट कर मेंटर्स और कलाकर संग विचार विमर्श किया। केन्द्र निदेशक किरण सोनी गुप्ता ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य जन-जन तक हर आयु वर्ग में म्यूरल आर्ट की समझ पैदा करना और इसके प्रति युवा कलाकारों में आकर्षण बनाना था, ताकि विलुप्त होती इस कला के प्रति चेतना जागृत हो और नवोदित कलाकार इस परंपरागत कला को सजीव बनाए रख सके। गौरतलब है कि निदेशक के आग्रह और सुझाव पर केन्द्र में कार्यरत कुछ सहयोगियों ने भी खाली समय का सदुपयोग करते सृजन किया। उन्होंने आश्वस्त किया कि केन्द्र इसी तरह से भविष्य में और भी कार्यशालाएं आयोजित करता रहेगा। समापन अवसर पर पांच दिन में तैयार की गई कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाकर प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट भी प्रदान किए गए। इन सभी ने निभाई भागीदारी खुशी पाठक, प्रज्ञा गर्ग, उर्वी जोशी, आदित्य वत्स, रिया सिंघानिया, कोमल टांक, अवनी पुंजावत, मनोज कुमार, प्रियल मेनारिया, ललिता मेहता, भूमि प्रजापत, करण डांगी, सिद्धांत भटनागर, कनिका सनाध्य, श्वेता भेरविया, शबनम हुसैन, पूजा नाथावत, मैडम फी, सौम्य सनाध्य, अर्पिता सोनी, गुंजन शर्मा, निशिता सोनी, सिमरन बिड़ला, एस के पाठक, दुर्गेश चांदवानी, डी एस चौधरी, पूजा सैनी, चंद्रशेखर, अंजू सोनी, कमलेश डांगी, मासूमा, सोफिया जयपुरी, प्रभुलाल, शर्मिला राठौड़, सोनम फुलवरिया, उदयलाल, यश खत्री, भावना शर्मा, लता शर्मा, खुशबू शर्मा, यशराज सोनी और नारायण डांगी।........ समापन समारोह में शूरवीर सिंह, सुनील निमावत, महेन्द्र गहलोत, जागृति पंवार, विवेक पारेख आदि मौजूद थे।

रिपोर्ट/फोटो : राकेश शर्मा 'राजदीप'

# जैन राजनीतिक चेतना मंच में प्रेम जैन बने जयपुर जिला अध्यक्ष



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन राजनैतिक चेतना मंच के राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं प्रदेश अध्यक्ष मुकेश चेलावत ने मंच का विस्तार करते हुए जयपुर जिले का जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार जैन (क्षेत्रपाल )को नियुक्त किया। भागचंद जैन खेड़ली वाले को जयपुर संभाग का संभाग प्रभारी मनोनीत किया प्रेम कुमार जैन ने बताया कि जन चेतना मंच के माध्यम से सकल जैन समाज को जोड़कर साथ ही युवाओं को साथ लेकर समाज के विकाश मैं योगदान देंगे साथ ही आने वाले विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में उचित राजनैतिक प्रतिनिधि की मांग करेंगे। इसको लेकर विधानसभा वार समाज के प्रबुद्ध जनो व युवाओं को जोड़कर टीम का गठन किया जाएगा जो समाज को जोड़ने का कार्य करेगी।

भगवान महावीर कैंसर चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र (कें. जी. कोठारी मैमोरियल ट्रस्ट द्वारा संचालित) | कैंसर केयर (महिला प्रकोष्ठ)

कैंसर जांच आपके द्वार

नि:शुल्क जांच एवं जागरूकता शिविर

16 जुलाई 2023, रविवार | सुबह 9:00 बजे से 3:00 बजे तक

स्थान – प्लॉट नंबर 10–55, चित्रकूट स्टेडियम, एचडीएफसी बैंक के पास, चित्रकूट, जयपुर

शिविर में की जाने वाली नि:शुल्क जांचे (डॉक्टर परामर्श द्वारा)
- मेमोग्राफी (स्तन जांच हेतु)
- पेप स्मीयर टेस्ट (गर्भाशय जांच हेतु)
- एक्स रे (फेफड़ों की जांच हेतु)
- सीए 125 (ओवरी जांच हेतु)
- पीएसए (प्रोस्टेट जांच हेतु)
- अन्य रक्त परीक्षण

निम्नलिखित में से कोई भी लक्षण हो तो अवश्य जांच कराएें।
- मुँह या गले में न भरने वाला छाला।
- कुछ निगलने में दिक्कत होना, आवाज़ में परिवर्तन।
- शरीर में किसी भी भाग में गांठ।
- स्तन में गांठ या आकार में परिवर्तन।
- लंबे समय तक खांसी या कफ में खून।
- मलद्वार या मूत्रद्वार से खून आना।
- शौच की आदत में परिवर्तन।
- वजन का बेवजह कम होना।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें

रिंकू कटारिया, निदेशक, जेएमडी बिल्डहोम, 80034 45566
डॉ विनोद जोशी, जोशी होमोस, 97991 83459
सुनील अरोड़ा, निदेशक, अंतरिक्ष डेवलपर्स, 9252624000
नितिन अग्रवाल, डायरेक्टर, टैकमनी, 89555 54000
करूणा शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी, BMCHRC, 8000194347

भगवान महावीर कैंसर चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र (के. जी. कोठारी मैमोरियल ट्रस्ट संचालित)
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर 302017, राजस्थान । टोल फ्री: 1800 121 1711
फोन: +91-141-2717777 । ई-मेल: info@bmchrc.org, bmchrc@hotmail.com । www.bmchrc.org




# कर्नाटक में प्रसिद्ध जैनाचार्य श्री कामकुमार नंदी मुनि की बर्बर हत्याकांड में आवश्यक कार्यवाही

## धर्म, तीर्थ क्षेत्र एवं साधु-संतों के संरक्षण हेतु राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा

मोहन सिंहल. शाबाश इंडिया

**टोंक।** सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वाधान में बेलगाम के चिक्कोडी के पास हिरेकोडी में जैन समाज के महान विद्वान तपस्वी गुरुदेव आचार्य श्री कामकुमार नंदी जी महाराज ने चिक्कोडी जिले के हीरेखाही ग्रामीण क्षेत्र में एक गुरुकुल पाश्र्वनाथ जैन आश्रम की स्थापना की थी जिसके माध्यम से वे लगभग 15 सालों से शिक्षा का प्रसार कर ग्रामीणों के विकास एवं उत्थान का महान कार्य कर रहे थे। इस हेतु वह निकट के नंदी पर्वत आश्रम पर निवास भी कर रहे थे। 6-7 जुलाई को कुछ शैतानों ने जबरन आश्रम में घुसकर उनसे मारपीट की. करंट लगाकर भीषण यातनाएं दी और फिर क्रूरता पूर्वक उनके शरीर के टुकड़े-टुकड़े कर बर्बरता की सारी सीमाएं लांघ दीं। स्वतंत्र भारत के इस सबसे जघन्य हत्याकांड ने कर्नाटक के गौरवशाली इतिहास पर एक काला धब्बा लगा दिया है। संपूर्ण विश्व का जैन समाज इस अविश्वसनीय बर्बर घटना से बेहद दुखी होकर सदमे में है और आक्रोशित भी है कि कैसे अपने पूज्य साधुओं की सुरक्षा कर सकें? इस हत्या को अंजाम देने वाले 2 गुनाहगारों को पुलिस ने पकड़ लिया है। पूरे देश का जैन समाज आपसे निवेदन करता है कि उन दोनों एवं उनसे जुड़े सभी गुनाहगारों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाये। साथ ही जैन साधू संतों की सुरक्षा पर एक बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह निर्माण हो रहा है। लगातार होने वाली घटना को देखते हुए लगता है कि जैन समाज के साधू-साध्वी सुरक्षित नहीं है। देश-प्रदेश में अनेक जगह पर विराजित सभी जैन साधुओं को सुरक्षा हेतु ठोस कदम उठाये जाये। इस मौके पर समाज के अध्यक्ष भागचंद फुलेता, मंत्री राजेश सर्राफ, टोंक जिला प्रमुख सरोज नरेश बंसल, पूर्व सभापति लक्ष्मी देवी जैन, बीना जैन छामुनिया, ताराचंद बड़जात्या, रमेश काला,एस एम सिहल, विमल बरवास, मनीष अत्तर, राहुल व सोनू पासरोटिया, धर्मचंद दाखीया, नवीन कुमार अलीगढ़, नरेंद्र छामुनिया ओम ककोड़, मीडिया प्रकोष्ठ मंत्री पवन कंटान, अंकुर पाटनी, पारस खुरेडा, भाजपा युवा नेता विनायक जैन, अनिल सर्राफ, पप्पू मलारना, राजेश अरिहंत, सराओगी समाज के अध्यक्ष रमेश छाबड़ा, चेतन बिलासपुया, अशोक छाबड़ा ,अनिल कासलीवाल, देवराज काला सुरेंद्र एडवोकेट, इंद्रमल बाकलीवाल, पदम गोधा, मनोज पाटनी, प्रकाश सेठी आदि लोग उपस्थित रहे।



# कमलाबाई चैरिटेबल ट्रस्ट का 1000 पेड़ लगाने का लक्ष्य




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** कमलाबाई चैरिटेबल ट्रस्ट पिछले 7 वर्षों से विभिन्न सेवा कार्य सुचारू रूप से करती रही है इसी क्रम में पर्यावरण सुरक्षा एवं पेड़ों के महत्व के प्रति जन जागरूकता के लिए 14 जुलाई शुक्रवार सुबह 10 बजे विशनवाला श्मशान घाट पॉचावाला, गजराज धर्मकांटा 200 फिट बाई पास एवं कृषि उपज मण्डी, रोड नम्बर 9, वी के आई, सीकर रोड़ जयपुर में इस वर्ष का पहला वृक्षारोपण किया गया जिसमें संस्था ने पिपल सिसम, बरगद, अमरूद जामुन बबूल के 100 पेड़ लगाए। संस्थान के सचिव ने पेड़ के रख रखाव की जिम्मेदारी वहां के स्थानीय लोगों को दी और उन्होंने सभी से निवेदन किया कि इन्सान को हर बर्ष कम से कम एक पेड़ अपने हाथ से जरूर लगाना चाहिए। संस्था ने इस बर्ष लगभग 1000 पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा है। आप अपने क्षेत्र में जैसे मंदिर, पार्क, शमशान घाट या कोई सरकारी स्कूलों में लगाना चाहते हैं, तो हमें सूचित करें।

# अहिंसा का शंखनाद करने वाले जैन आचार्य की निर्मम हत्या के विरोध में आयोजित सभा में पूज्या आर्यिका 105 आगममति माताजी के छलके नयन



**चितरी. शाबाश इंडिया।** कर्नाटक में जैनाचार्य श्री काम कुमार नंदी जी महाराज की क्रूर हत्या के विरोध में विश्व की सम्पूर्ण जैन समाज में आक्रोश है,इसी श्रंखला में राजस्थान डूंगरपुर जिले के चितरी कस्बे में पूज्या आर्यिका 105 श्री आगम मति माताजी के सानिध्य में सकल जैन समाज चितरी द्वारा आक्रोश रैली निकाल कर उपखंड अधिकारी गलियाकोट को देश व राज्य सरकारों को ज्ञापन प्रेषित किया गया। जैन मंदिर चितरी से लेकर बड़गी मुख्य चौराहे तक विशाल रैली निकाली गई जहां अंत में पूज्या आर्यिका 105 आगममति माताजी द्वारा उद्बोधन सभा हुई जिसमे माताजी द्वारा संदेश उद्बोधन देते समय गला भर आया व नयन छलक उठे। उन्होने कहा ऐसा क्या कारण बना मारा गया महाराज श्री 24 घंटे एक बार भोजन करते हैं वो भी विधि मिलने पर साधुओं के पास रहता क्या है केवल एक कमंडल और पीछी और पढ़ने के लिए शास्त्र साधु अहिंसा प्रवृत्ति के हुआ करते हैं। माताजी ने कहा कि उन लोगों को ऐसी कड़ी कि से कड़ी सजा दी जाए कि आगे से ऐसे कार्य न करे। साधु सभी को धर्म वृद्धि का आशीर्वाद देते हैं किसी को मारते नहीं हैं लेकिन उन्हें ऐसे निर्मम कृत्य करने की क्या आवश्यकता पड़ी। अभिषेक जैन लुहाड़िया रामगंजमंडी

## वेद ज्ञान

### मैत्री प्रेम का विस्तार

प्रेम का आधार राग होता है। मैत्री प्रेम का विस्तार है। जब तक आप के प्रेम का दायरा न फैले, आप किसी के मित्र हो ही नहीं सकते और न कोई आपका मित्र हो सकता है। मित्रता का अर्थ ही है- दूसरे के सान्निध्य का मजा लेना और उसके प्रति सम्मान का भाव रखना। मैत्री में दूसरे के प्रति आकर्षण का भाव होता है। यह निर्जीव वस्तुओं तक के प्रति हो सकता है। मैत्री के इस फैलाव का ही परिणाम रहा होगा कि पंचतंत्र में पांच में से दो अध्यायों-मित्रलाभ और मित्रभेद-को मैत्री को समर्पित किया गया था। यह दुनिया तभी तक प्यारी है जब तक कोई आपको अपना कहता है और मित्र से बढ़कर अपनत्व का भाव किसमें होता है? मैत्री दो लोगों बीच का पारस्परिक मेल मात्र नहीं होता, यह एक पारस्परिक बंधन भी होता है। इसलिए जीवन का यह किला मैत्री से मजबूत होता है। सच तो यह है कि मित्रता करना और मित्र पाना इंसान के जीवन का सबसे महान सुख है। ओशो ने भी मित्रता को प्रेम से बढ़कर माना है। मित्रता व्यक्ति को हमेशा उमंग में रखती है। जीवन के कठिनतम क्षणों में मित्र का सहयोग किसी मरहम की तरह काम करता है। जो मित्र होगा, वह जरूरत पड़ने पर सहयोग देगा, क्योंकि मैत्री में सम्यक सहयोग या समतरंगता होती है। जो आपका मित्र होगा, वह हर हाल में आपका कल्याण चाहेगा। आपका मित्र आपके लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेगा। आप भी उसके प्रति विश्वास की भावना रखेंगे, क्योंकि किसी के लिए विश्वसनीय बनकर ही उसका विश्वासपात्र बना जा सकता है। जो मित्र होगा, आप भी उसके सान्निध्य की इच्छा संजोए रहेंगे। ऐसे व्यक्ति का जब सान्निध्य मिले और उस क्षण में आपको समय का बोध न रह जाए तो समझिए कि आप एक सच्चे मित्र की संगति में हैं। ज्ञानयोग का आधार मैत्री ही है। बुद्ध ने अगला अवतार मैत्रेय के रूप में लेने का उद्घोष कर मित्रता को बड़ी गरिमा प्रदान की। यदि कोई व्यक्ति आपके लिए महत्वपूर्ण हो तो ऐसे संबंध को अशुद्ध लौकिक मैत्री कहेंगे, लेकिन अगर आप किसी के लिए महत्वपूर्ण हो जाते हैं तो यह शुद्ध लौकिक मैत्री कहलाएगी। ऐसे ही, अशुद्ध मैत्री में गुरु का सम्मान तो होता है, किंतु व्यक्ति स्वयं आत्मविस्मरण में जीता है। शुद्ध मैत्री वह है जिसमें गुरु का सम्मान भी हो और आत्मस्मरण भी बना रहे।

## संपादकीय

# घुड़दौड़, जुआघरों और आनलाइन गेमिंग पर जीएसटी

वस्तु एवं सेवा कर यानी जीएसटी की प्रणाली अमल में आने के बाद कारोबार जगत में नियमन का एक तंत्र लागू हुआ है और इसके बाद सरकार के राजस्व के दायरे में भी विस्तार हुआ है। लेकिन अब भी ऐसे क्षेत्र में हैं, जिनमें कर के अलग-अलग स्तर का नियम लागू होने को लेकर अस्पष्टता रही है और उस पर कई हलकों से बोझ घटाने की मांग भी हुई है। हालांकि केंद्र सरकार ने आम लोगों के हित को देखते हुए आवश्यक वस्तुओं से संबंधित कारोबार में कर निर्धारण के मामले में कई स्तरों पर रियायत बरती है, लेकिन किसी व्यवसाय की प्रकृति को देखते हुए उसमें टैक्स के अनुपात को ऊंचा भी रखा गया है। गौरतलब है कि मंगलवार को जीएसटी परिषद की पचासवीं बैठक में यह फैसला लिया गया कि अब घुड़दौड़, जुआघरों और आनलाइन गेमिंग में अट्ठाईस फीसद की दर से जीएसटी का भुगतान करना पड़ेगा। यह कर किसी भी प्रतिभागी की ओर से लगाए जाने वाले दांव की पूरी रकम पर लगेगा। हालांकि गोवा की ओर से आनलाइन गेमिंग के मंच फीस को कम करके अठारह फीसद जीएसटी लगाने की मांग की गई थी, लेकिन इस सिफारिश पर अन्य पक्ष सहमत नहीं हुए। यों बैठक में इस मसले पर आमतौर पर सभी के बीच सहमति बनी कि कौशल और मौके के खेल के बीच अंतर नहीं किया जाना चाहिए। दरअसल, घुड़दौड़, जुआघरों और आनलाइन गेमिंग अब संगठित रूप से भी संचालित किए जा रहे हैं। लेकिन इसका एक पहलू यह भी है कि इसे विलासिता संबंधी आवश्यकता के दायरे में रख कर देखा जाता है। शायद यही वजह है कि इसमें लगाई गई दांव की राशि पर कर का स्तर ऊंचा रखने की जरूरत महसूस हुई। मगर इसके साथ यह सवाल भी है कि अगर सरकार एक ओर जुए, सट्टेबाजी और आनलाइन खेलों को लेकर सख्त रुख अख्तियार करती है, तो इसमें दांव की राशि पर टैक्स की दर तय करने से क्या परोक्ष रूप से इसे स्वीकृति देने का भाव नहीं पैदा होता है! गौरतलब है कि करीब तीन महीने पहले सरकार ने जुए, सट्टेबाजी और आनलाइन गेम खेलने के विज्ञापनों के खिलाफ एक परामर्शी चेतावनी जारी की थी, जिसमें सट्टेबाजी से जुड़े मंचों को बढ़ावा न देने की सलाह दी गई। इसमें एक ऐसा ढांचा खड़ा करने की भी बात कही गई थी कि अगर किसी आनलाइन खेल को अनुमति दी जाती है तो यह ध्यान रखा जाएगा कि उसमें किसी भी तरह से दांव या बाजी लगाने की प्रवृत्ति शामिल नहीं है। संभव है कि जिस कोण से जुआघर, घुड़दौड़ और आनलाइन गेम में दांव की राशि में जीएसटी तय करने की बात की गई है, उसका आधार यह हो कि सरकार की ओर से जिन कसौटियों पर इन खेलों को स्वीकृति दी गई है, उनके मामले में नया नियम लागू होगा। लेकिन अगर मौके के किसी खेल में सट्टेबाजी का चलन है या फिर कोई दांव लगाया जाता है तो कौशल आधारित खेलों के समांतर उनकी प्रकृति में कैसे फर्क किया जा सकता है। **-राकेश जैन गोदिका**



## परिदृश्य

# बरसात के बाद हादसे

हर दिल्ली में हर साल कुछ देर की बरसात के बाद सड़कों पर जलजमाव और उससे यातायात का पूरी तरह ठहर जाना एक ऐसी आम समस्या बन चुकी है, जो तमाम सवालों के बावजूद लंबे समय से कायम है। लेकिन इससे इतर सामान्य से ज्यादा बारिश के बाद दिल्ली के कई इलाकों में इस साल फिर जिस तरह सड़कों के धंसने के मामले सामने आए हैं, वह ज्यादा चिंताजनक है। पिछले कुछ दिनों में रोहिणी, ग्रेटर कैलाश और जनकपुरी इलाके में अचानक सड़क पर एक बड़ा हिस्सा धंस कर गहरा गड्ढा बन गया। ये गड्ढे इतने खतरनाक शक्ल में हो जा रहे हैं कि कोई वाहन गिर जाए तो उसमें सवार लोगों का जिंदा बचना भी मुश्किल हो। दिल्ली के केंद्र में संवेदनशील माने जाने वाले इलाके इंडिया गेट के पास भी मंगलवार को बारिश की वजह से सड़क पर एकाएक बड़ा गड्ढा बन गया। हाल ही में जनकपुरी में सड़क धंसने से बना गड्ढा इतना बड़ा था कि अगर कोई भारी वाहन भी उस समय वहां से गुजर रहा होता तो उसमें पूरा समा जाता। द्वारका इलाके में एक ऐसी घटना सामने आ चुकी है कि जिसमें सड़क धंसने से एक कार उसके अंदर समा गई थी। ऐसी घटनाओं के बाद आनन-फानन में मरम्मत करवा कर यातायात तो फिर सामान्य बना दिया जाता है, लेकिन सड़क के इस तरह धंसने के कारणों पर शायद विचार करने की जरूरत नहीं समझी जाती। सवाल है कि राष्ट्रीय राजधानी में भी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता भी अगर इस स्तर की है कि जहां-तहां सड़कों का धंसना बड़े हादसे का कारण बन सकता है तो देश के दूरदराज के इलाकों में स्थिति क्या होगी! लगभग सभी सरकारें सड़क निर्माण के मामले में बढ़-चढ़ कर दावे करती रहती हैं लेकिन बरसात की वजह से अच्छी मानी जाने वाली सड़कें भी जानलेवा स्तर तक खतरनाक होने लगें तो उसके लिए किसकी जिम्मेदारी तय की जाएगी? दरअसल, दिल्ली में जितनी जगहों पर भी सड़क धंसने के मामले सामने आए हैं, उन्हें पानी जमा होने की वजह से कोलतार या अन्य सामग्रियों के बिखरने से होने वाला सामान्य गड्ढा नहीं माना जा सकता। यह न केवल सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार की वजह से सामग्रियों में कटौती या घटिया सामान के उपयोग का मामला है, बल्कि यह सड़क के नीचे के जमीन के ठोस होने का आकलन करने में चूक या इसका ध्यान रखने में नाकामी का भी उदाहरण है। ऐसा लगता है कि सड़क बनाने के क्रम में सतह के नीचे की स्थिति के सर्वेक्षण में इस पहलू को नजरअंदाज कर दिया जाता है कि पानी या किसी अन्य वजह से क्या कोई जोखिम पैदा हो सकता है! ऐसे मामले भी हैं जिनमें सड़क के किनारे से पानी का पाइप कहीं से फट जाता है और उससे पानी निकलता रहता है। या फिर सीवर लाइन में गड़बड़ी की वजह से रिसते पानी से जमीन धीरे-धीरे खोखली होती रहती है। ऐसे में जब बारिश होती है तब पहले से खोखली हो चुकी जमीन ऊपर बनी सड़क या उस पर भारी वाहनों के आने-जाने का भार सहन नहीं कर पाती है और अचानक ही धंस जाती है। मगर पानी के पाइप या सीवर लाइन के दुरुस्त होने पर नजर रखना एक गैरजरूरी काम माना जाता है जबकि इस अनदेखी के घातक नतीजे सामने आते हैं। फिर आधुनिक तकनीकों के उपयोग से जमीन की स्थिति का अंदाजा लगा कर समय पर उसमें सुधार या मरम्मत करके सुरक्षित बनाया जा सकता है। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि सड़क धंसने की घटनाओं को नजरअंदाज करना किसी बड़े हादसे का सबब बन सकता है।

# जैन आचार्य के अपहरण एवं नृशंस हत्या के विरोध में जैन समाज ने मौन जलूस निकालकर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा



**राघौगढ़. शाबाश इंडिया**

कर्नाटक के बेलगांम के समीप गांव में दिगंबर जैन आचार्य काम कुमार नंदी महाराज का अपहरण कर नृशंस हत्या के विरोध में सकल जैन समाज राघौगढ़ द्वारा मौन जलूस निकालकर भारत के प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत दिनों कर्नाटक के बेलगांव के निकट हिरेकोड़ी में आचार्य काम कुमार नंदी महाराज का अपहरण कर नृशंस हत्या के विरोध में जैन समाज राघौगढ़ द्वारा विशाल मौन जुलूस निकाला।मौन जलूस श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर से प्रारंभ हुआ, नगर के प्रमुख मार्गो से होकर तहसील कार्यालय पहुंचा जहां भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन तहसीलदार संतोष धाकड़ को सौंपा। जुलूस का नेतृत्व जैन समाज के अध्यक्ष अजय कुमार रावत ने किया। ज्ञापन का वाचन भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय कुमार जैन ने किया। ज्ञापन में उल्लेख किया है कि जैन आचार्य की नृशंस हत्या से संपूर्ण जैन समाज स्तब्ध रह गया है एवं आक्रोशित है। ज्ञापन में मांग की गई है कि दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।इस अवसर पर जैन समाज ने एक और ज्ञापन प्रधानमंत्री जी के नाम तहसीलदार को सौंपा है। जिसमें उल्लेख किया है जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का 2550 वाँ



निर्माण वर्ष 13 नवंबर 2023 से 1 नवंबर 2024 तक सारे विश्व में मनाया जाएगा। भगवान महावीर अहिंसा के अवतार थे। उन्होंने इस दुनिया को जियो और जीने दो संदेश दिया। ज्ञापन में मांग की देश एवं मध्य प्रदेश में भगवान महावीर का निर्माण वर्ष शासकीय स्तर पर मनाया जाए एवं विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएं इस हेतु भारत सरकार एवं राज्य सरकार बजट आवंटन भी करें। इस अवसर पर जैन समाज के उपाध्यक्ष अशोक कुमार भारिल्य,जिनेश जनता, कोषाध्यक्ष डॉक्टर राजेंद्र जैन, सह मंत्री प्रमोद कुमार जैन, ट्रस्ट कमेटी के सदस्य गण प्रमोद कुमार चौधरी, अशोक कुमार जैन भरसूला वालेसंतोष कुमार जैन बलियत, विकास कुमार जैन, राकेश कुमार जैन मामा, ज्ञानी चंद जैन भरसूला वाले आदिनाथ,जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष धन कुमार रावत,राजेन्द्र कुमार जैन, दिगंबर जैन मंदिर के अध्यक्ष चेतन जैन, योगेंद्र भारिल, राहुल जैन, श्वेतांबर जैन समाज के अध्यक्ष रमेशचंद्र श्री माल, मंत्री वीरेंद्र कुमार श्री माल, अशोक कुमार श्री माल, जैन समाज साडा कॉलोनी के सुनील कुमार चौधरी, प्रदीप कुमार जैन, संपन्न जैन, मंचल जैन, रविंद्र जैन,शुभोदय जैन तीर्थ बीनागंज एवं जैन समाज आवन के अध्यक्ष डाँ विमल जैन दीपक जैन, जैन मिलन के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार जैन, कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप कुमार जैन, युवा जैन मिलन के अध्यक्ष आकाश जैन, उपाध्यक्ष रुपेश चौधरी, मंत्री मनीष जैन आमल्या वाले, चतुर्मास समिति के पूर्व संयोजक गण अभिषेक चौधरी, राजा चौधरी, संजीव कुमार जैन, नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनीष कुमार जैन अन्ना चौधरी, पूर्व पार्षद संजीव जैन, भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सावन रावत, जागृति महिला मंडल की अध्यक्ष मंजू जैन, सुधा सिंधु महिला मंडल की अध्यक्ष चंचल जैन, महिला जैन मिलन की अध्यक्ष अंतिम जैन, विद्योदय महिला मंडल की अध्यक्ष नीतू जैन, दिगंबर जैन महासमिति महिला इकाई संभाग राघौगढ़ की अध्यक्ष अनीता जैन, आचार्य विद्यासागर दिगंबर जैन पाठशाला की संचालिका शांता जैन, आशा रावत जिज्ञासा महिला मंडल साडा कॉलोनी की स्नेह लता रावत सहित पुरुष एवं महिलाएं भारी संख्या में उपस्थित थे।

# आक्रोशित जैन समाज ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं कर्नाटक के मुख्यमंत्री के नाम सौपा ज्ञापन

**छतरपुर. शाबाश इंडिया।** कर्नाटक में दिगंबर जैन आचार्य काम कुमार नंदी की निर्मम हत्या के विरोध में आक्रोशित जैन समाज छतरपुर द्वारा नेमिनाथ जिनालय कोतवाली से कलेक्टोरेट परिसर तक एक रैली निकाली गई जिसमे जैन समाज के महिला एवं पुरुषों द्वारा विरोध से संबंधित स्लोगनों की लिखित पट्टियां हाथों में लिए हुए थे। इस अवसर पर सकल दिगंबर जैन समाज छतरपुर एवं भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्र. 10 की संभागीय इकाई द्वारा संयुक्त रूप से आरोपियों को कठोर दंड की मांग करते हुए महामहिम राष्ट्रपति एवं कर्नाटक के मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर गोपाल शरण पटेल को दो ज्ञापन सौंपे गये। इस संबंध में जैन मिलन के पंकज कुमार जैन एवं अजित जैन ने बताया कि पहले ज्ञापन में कर्नाटक के चिक्कोड़ी ब्लॉक के हिरेकुंड में नंदी पर्वत पर दि. जैन आश्रम में विराजमान आचार्य श्री काम कुमार नंदी महाराज को दो व्यक्तियों ने गला घोट कर हत्या कर दी और लाश बोरी में भरकर बाइक से 35 कि. मी. खटका बावड़ी के पास शव के टुकड़े कर कुऐ के अंदर डाल दिये ।



# जैनाचार्य की हत्या के विरोध में सोशल ग्रुप फेडरेशन ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री के नाम इंदौर कमिश्नर को ज्ञापन दिया

राजेश जैन दद्दू. शाबाश इंडिया

इंदौर। हाल ही में कर्नाटक के बेलगाम के पास हिरेकोड़ी में दिगंबर जैन आचार्य पूज्य कामकुमार नंदी का अपहरण कर उनकी बर्बरता पूर्ण तरीके से की गई हत्या के विरोध एवं दोषियों को तुरंत कड़ी से कड़ी सजा दिए जाने की मांग को लेकर दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के द्वारा आज एक ज्ञापन फेडरेशन के पदाधिकारियों एवं सोशल ग्रुप एवं दिगंबर जैन समाज के सदस्यों के साथ इंदौर कमिश्नर कार्यालय पहुंचकर डिप्टी कमिश्नर जयंती यादव को दिया। ज्ञापन में घटना की निंदा करते हुए दोषियों को कठोर दंड देने के साथ संतो की सुरक्षा भी सुनिश्चित किए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन का वाचन फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश विनायका ने किया। इस अवसर पर फेडरेशन के महामंत्री विपुल बांझल, दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के अध्यक्ष राजकुमार पाटोदी, महावीर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री अमित कासलीवाल, डॉक्टर जैनेंद्र जैन, पार्षद राजीव जैन, रितेश पाटनी दिलीप पाटनी,बाहुबली पांड्या, विमल अजमेरा, मनोज बाकलीवाल, कमलेश कासलीवाल, ऋषभ पाटनी, देवेंद्र सोगानी, आर के जैन एक्साइज एवं संजय अहिंसा, कीर्ति पांड्या आदि समाज जन उपस्थित थे।



# आचार्य नवीन नंदी गुरुदेव का 5वां आचार्य पदारोहण दिवस मनाया

## विधान की शृंखला मे हुआ आज प्रथम विधान। बरकत नगर णमोकर भवन में हुआ आयोजन



जयपुर. शाबाश इंडिया

परम पूज्य आचार्य नवीन नंदी गुरुदेव का धर्म नगरी जयपुर के बरकत नगर में वषायोग रत आचार्य नवीन नंदी जी का पांचवा पदारोहण दिवस आज धूमधाम से मनाया गया। प्रवक्ता प्रमोद बाकलीवाल ने बताया कार्यक्रम की शुरूआत शांतिनाथ भगवान के अभिषेक एवम शांति धारा से हुई। संयोजक सतीश अकेला ने बताया कि आचार्य नवीन नंदी गुरु देव का पांचवा आचार्य पदारोहंण दिवस बरकत नगर में मनाया गया जिसमे गुरु पूजन, पाद प्रक्षालन, शास्त्र भेंट, महा आरती आदि कार्यक्रम संपन्न हुए। गणधरवलय विधान के अर्घ चढनें के बाद आचार्य श्री की पूजा की और भक्तों ने पूज्य आचार्य श्री को अर्घ चढ़ाया। पाद प्रक्षालन का सौभाग्य मुख्य पुण्यार्जक व अध्यक्ष चक्रेश जैन, मंत्री निर्मल जैन, प्रमोद बाकलीवाल सतीश जैन अकेला को मिला। अरिहन्त महिला मंडल बरकत नगर ने गुरुवर को शास्त्र भेंट किया। इस अभुतपूर्व आयोजन में सभी भक्तों ने परिवार सहित भाग लिया।

# आचार्य श्री 108 सौरभ सागर जी महाराज के सानिध्य में प्रतापनगर सेक्टर 8 सांगानेर में विनियांजलि सभा का आयोजन



जयपुर. शाबाश इंडिया

दिगम्बर जैन महासमिति राजस्थान अंचल की ओर से 108 आचार्य श्री सौरभ सागर जी महाराज के सानिध्य में प्रतापनगर सेक्टर 8 के मंदिर जी के संत भवन के सभागार में मुनि 108 काम नन्द जी महाराज के कर्नाटक में हुई निर्मम हत्या के विरोध में विनियांजलि सभा हुई। इस अवसर पर अध्यक्ष अनिल जैन आईपीएस रिटायर्ड एवं महामंत्री महावीर जैन बाकलीवाल ने बताया कि विनियान्जलि में राष्ट्रीय महामंत्री सुरेन्द्र कुमार जैन पांड्या, जस्टिस नरेंद्र कुमार जैन, महामंत्री महावीर जैन बाकलीवाल एवं अध्यक्ष अनिल जैन आईपीएस रिटायर्ड ने इस निर्मम कृत्य पर आक्रोश जताया एवं इसमें लिप्त सभी अपराधियों की पहचान कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए एवं भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो। इस अवसर पर 108 आचार्य श्री सौरभ सागर जी महाराज ने भी इस घटनाक्रम की निन्दा की एवं कहा दिगम्बर जैन समाज जो अल्पसंख्यक हैं उनके साधु संतों एवं मंदिर अतिशय क्षेत्रों की रक्षा करने के लिए शासन में बैठे सभी सम्माननीय महानुभावों को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, गवर्नर, मुख्य मंत्री, अन्य मंत्री, कलेक्टर, तहसीलदार आदि को ज्ञापन देकर इस कृत्य की घोर निन्दा की जाय। इस अवसर पर महासमिति पश्चिम संभाग के अध्यक्ष निर्मल जैन संघी, सांगानेर संभाग के अध्यक्ष कैलाश मलैया,के अलावा रमेशचंद्र सौगानी, राजेन्द्र जैन, प्रेम चंद, श्री जितेन्द्र जैन, बाबू लाल ई टुण्डा वाले, सुरेन्द्र झांझरी, अशोक जी पापडीवाल, महेन्द्र जी प्राना वाले, सुनील जी बजश्रीमती मृदुला जैन पांड्या,शशि जैन, नीरज जैन, के साथ बहुत संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अन्य में सभी महासमिति के पदाधिकारियों ने महाराज श्री से आशीर्वाद प्राप्त किया।

# भामाशाह राजु ने अपनी स्वर्गीय धर्मपत्नी की याद में कुर्सियां लगवाई




सुधीर शर्मा. शाबाश इंडिया।

सीकर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुदन में कार्यरत दिल से अमीर भामाशाह चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी राजु गोयर निवासी गौतम नगर जयपुर ने बहुत ही सराहनीय पहल की अपनी स्वर्गीय धर्मपत्नी श्रीमती मोहिन देवी की पुण्य स्मृति में अस्पताल में तीन सीमेंट से बनाई हुई कुर्सियां लगवाई है जो की बहुत ही सराहनीय कार्य है। इसकी सोच है कि सर्दियों में मरीजों के साथ आये परिजन धुप में बैठ सके। यह व्यक्ति पैसे से अमीर नहीं है लेकिन दिल से अमीर है और अपनी स्वर्गीय धर्मपत्नी की यादों को चिरस्थाई बनाने की कोशिश की है।

## जैन समाज ने की प्रदेश कांग्रेस कमेटी में मनोनयन की मांग

जयपुर. शाबाश इंडिया। प्रदेश का जैन समुदाय राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी में प्रतिनिधित्व नहीं मिलने से खफा है। वैशाली नगर कांग्रेस मण्डल अध्यक्ष मोहित जैन ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को ज्ञापन देकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी को संतुलित बताते हुए बधाई देने के साथ ही जैन समाज को भी समुचित प्रतिनिधित्व दिए जाने की मांग करते हुए कहा है कि देश की जीडीपी में जैन समाज का एक-तिहाई योगदान है और प्रदेश में अनेक ऐसे वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ता है जो प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी में स्थान पाने की योग्यता रखते हैं। मोहित जैन ने मांग की है कि प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी में जैन समाज को पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया जाए।


राजस्थान प्रदेश की प्रथम प्लास्टिक सर्जन (M.Ch.), के M.Ch. के पश्चात के स्वर्णिम 50 वर्ष के उपलक्ष्य में जन जागरुकता के लिये समर्पित

"जल जाने पर प्राथमिक उपचार"



पर आधारित कविता

"पानी और आग"

एक अनूठा संगम



|| आओ बच्चों तुम्हें सिखाएं, जलने का उपचार आज,
'ज' से 'जल' है 'ज' से 'जलना', रखो याद यह ख़ास बात ||

1. जब जल जाए अंग किसी का, गर्म दूध या चाय से, झटपट उस हिस्से पर डालो, सादा पानी ध्यान से
जब जल गए हो तो झटपट झटपट, पानी डालो अरे, पानी डालो भाई, सादा पानी डालो
2. पानी डालो जली त्वचा पर जब तक जलन शांत ना हो जाए, आग और पानी का संगम, मंत्र याद रखना यह हरदम
3. जब जलन शांत हो जाए, तब ढकलो साफ रुमाल से और ले आओ सलाह मशविरा मैड़म डाक्टर सा'ब से
4. ठंडा पानी और बरफ है जली त्वजा के जानी दुश्मन, इन दोनों से दूर ही रहना, दूर से करना इन्हें नमन
5. इनके पीछे पीछे आते टूथपेस्ट और स्याही हैं, आटा, तेल, गोबर और माटी भी इनके हमजोली हैं
6. जली त्वचा को दूर ही रखना, इन सब रिश्तेदारों से, जली त्वचा पर वार करें ये छुपे हुए हथियारों से
जब जल गए हो तो जल्दी से, पानी डालो अरे, पानी डालो भाई, सादा पानी डालो
7. अगर बन गये बड़े फफोले, उनको तुम मत फोड़ना, धीरज रखना, ध्यान से रहना, उनको तुम मत छेड़ना
8. आग से जल कर कपड़े भी गर, चिपक गए हैं जली त्वचा से, चिपके रहने देना उनको, छेड़छाड़ मत करना उनसे
9. झुलस गए गर बुरी तरह से, तो पानी डालो सोच समझ कर, बस पांच मिनट तक पानी डालो, फिर ढक दो सूखी चादर से
10. आज बना है नारा न्यारा, 'ज' से 'जल' है 'ज' से 'जलना', इस नारे को हरदम अब है मन में रखना, दिल में रखना
11. 'ज' से 'जल' है 'ज' से 'जलना', बच्चा बच्चा बोलेगा, जल जाओ तो पानी डालो, हर बच्चा अब बोलेगा
जब जल जाओ तो झटपट झटपट, जले भाग पर पानी डालो
जलन शांत होने तक, सादा पानी डालो
अरे, पानी डालो भाई, सादा पानी डालो







प्रस्तुतकर्ता

डॉ. मालती गुप्ता

पूर्व विभागाध्यक्ष, प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न्स
स.मा.सिं. मेडिकल कॉलेज, जयपुर



दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप राजस्थान रीजन के सेवा पखवाड़े 15 से 31 जुलाई के अंतर्गत

स्व. श्री सुशील कुमार जी लुहाड़िया की पुण्य स्मृति में

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर के द्वारा

श्री आदिनाथ मित्र मण्डल के सहयोग से

रक्तदान जीवन दान

# रक्तदान शिविर

GIVE BLOOD GIVE LIFE

रविवार, 16 जुलाई 2023
प्रातः 9 बजे से 2 बजे तक

स्थान : कुमकुम फोटो स्टूडियो
124/269, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर

क्यों न खुद की एक पहचान बनाये। चलो रक्तदान करे और करवाये।।

प्रायोजक : कुमकुम फोटो स्टूडियो
श्रीमती कुमकुम जैन, साकेत जैन, सोनिया जैन, आदेश जैन, प्रियंका जैन, तनिष्क जैन उन्नति जैन, सम्यक् जैन, नक्षत्र जैन एवं समस्त संघी लुहाड़िया परिवार

दीप प्रज्वलनकर्त्ता
श्रीमान मुकेश लख्याणी
संयोजक स्वच्छ भारत अभियान

शिविर उद्घाटनकर्त्ता
श्रीमती भारती लख्याणी
पार्षद, चेयरमेन ग्रेटर नगर निगम, जयपुर

विशिष्ठ अतिथि
श्रीमान कुणाल चौधरी
पूर्व मण्डल अध्यक्ष

अध्यक्ष सुनील जैन | मंत्री राजेन्द्र बाकलीवाल | कोषाध्यक्ष मुकेश जैन | संयोजक अनिल जैन, अशोक सेठी
श्री आदिनाथ मित्र मण्डल

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर
राकेश-समता गोदिका, अध्यक्ष | अनिल-निशा संघी, सचिव
सुरेन्द्र-मृदुला पाण्ड्या, संरक्षक | दर्शन-विनीता जैन, संरक्षक | दिनेश-संगीता गंगवाल, परामर्शक | मनीष-शोभना लोंग्या, कार्याध्यक्ष | अनिल-अनीता जैन, कोषाध्यक्ष

# कथावाचक आचार्य चंद्रहंस महाराज को बेटा पढ़ाओ-संस्कार सिखाओ अभियान पर लिखित पुस्तक की भेंट

**एटा,उत्तरप्रदेश. शाबाश इंडिया**

उत्तरप्रदेश एटा के कमसान में शकुंतला देवी एवं समस्त उपाध्याय परिवार की और से स्व.डॉ.रामकुमार उपाध्याय की स्मृति में पावन शिव विवाह कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया। कथा का वाचन मथुरा से पधारे कथावाचक चंद्रहंस महाराज के द्वारा किया गया। कथा के दौरान बेटा पढ़ाओ-संस्कार सिखाओ अभियान की महासचिव कवयित्री डॉ.निरुपमा उपाध्याय के द्वारा कथावाचक चंद्रहंस महाराज को बेटा पढ़ाओ-संस्कार सिखाओ अभियान पर लिखित पुस्तक भेंट की गई |इस अवसर पर कथावाचक चंद्रहंस महाराज ने बेटा पढ़ाओ-संस्कार सिखाओ अभियान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अब तक हर तरफ से यही सुनने को मिला की बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ लेकिन उससे भी ज्यादा जरूरी हैं बेटा पढ़ाओ-संस्कार सिखाओ अभियान जिसके बारे में आज इस कथा के पावन अवसर पर सुनने को मिला हैं। अगर बेटे में अच्छे संस्कारों का बीजारोपण बचपन से ही किया जाए तो देश व समाज में फैल रही इन अमानवीय घटनाओं पर अपने आप अंकुश लगने लगेगा एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की आवश्यकता भी नही पड़ेगी क्योंकि बेटे में अच्छे संस्कार होंगे तो बेटियां अपने आप सुरक्षित महसूस करेंगी। इस अवसर पर कथावाचक ने कहा कि मैं जहाँ जिस मंच पर भी कथा का वाचन करूँगा वहां इस अभियान का संदेश जन-जन तक पहुँचाने का हरदम प्रयास करूंगा एवं इस अभियान को लेकर मेरी और से किसी भी प्रकार के सहयोग की आवश्यकता पड़े तो हमेशा हरदम तैयार रहूंगा। यह अभियान देश के कोने-कोने में चले इसकी प्रार्थना मैं भगवान शिव से करता हूं। कथा के दौरान देवेन्द्र उपाध्याय, राज बहादुर उपाध्याय, हाई कोर्ट के वकील पंकज उपाध्याय, डॉ.कृष्ण कुमार उपाध्याय, दुर्गा वाहिनी की सदस्या किरण उपाध्याय, विधि उपाध्याय, राम मूर्ति उपाध्याय सहित स्थानीय गणमान्य सदस्यगण उपस्थित रहें।



दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन
राजस्थान रीजन जयपुर
in association with
CK BIRLA HOSPITALS | RBH
Rukmani Birla Hospital JAIPUR
Rukmani Birla Hospital
15th july 2023
मानव सेवार्थ पखवाड़ा
Time 10.30 AM onwards
हेल्थ अवेयरनेस टॉक
Dr Rohan Jain
Orthopedic surgeon
followed by Lunch
फेडरेशन स्थापना दिवस के अवसर पर मानव सेवार्थ पखवाड़ा का आगाज
15 जुलाई से 30 जुलाई
उद्घाटन समारोह
At -C K Birla Hospital
Shanti Nagar
Gopal Pura pulia
गौरवमयी उपस्थिति
महेन्द्र कुमार पाटनी वरिष्ठ परामर्शक
सुरेंद्र कुमार पांड्या परामर्शक
नवीन सेन जैन परामर्शक
अतुल बिलाला पूर्व अध्यक्ष
निवेदक
संयोजक सुनील बज कार्याध्यक्ष - सुरेश जैन बांदीकुई कार्याध्यक्ष
राजेश बड़जात्या अध्यक्ष
अनिल जैन IPS संस्थापक अध्यक्ष
यश कमल अजमेरा निवर्तमान अध्यक्ष
पारस जैन कोषाध्यक्ष
निर्मल संघी महासचिव
सहयोगी ग्रुप्स
जयपुर मैन , गुलाबी नगर, आदिनाथ , नवकार , जैन भारती , मैत्री , डायमंड ,पार्श्वनाथ, जयपुर सिटी, वात्सल्य , पिंक पर्ल , तीर्थंकर , संगिनी फॉरएवर, सम्यक , वर्धमान, वीर , स्वस्तिक. सन्मति . विराट . गंगापर सिटी. सीकर. दौसा
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन जयपुर

# राज्य महिला सदन जयपुर संभाग के सराहनीय प्रयास



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** संभाग की अध्यक्ष डॉ जाहिदा शबनम ने राज्य महिला सदन, (नारी निकेतन) पदभार ग्रहण करने के दिन से ही सदन में आवासरत आवासनियों की समस्याओं को जानने के साथ ही समस्या निराकरण व उनके उत्थान के लिए क्या क्या ठोस कदम उठाए जा सकते हैं उसके लिए तीव्र गति से प्रयास करना प्रारंभ कर दिए। सामान्य आवासनियों के साथ सदन में रह रही हाफ वे होम व अध्ययनरत आवासनियों की पृथक समस्याओं व आवश्यकताओं को देखते हुए उनके निराकरण और निस्तारण के मुस्तैदी से कार्य किए जा रहे हैं। अध्यक्ष जाहिदा के लिए सबसे महत्वपूर्ण सर्वप्रथम सदन में वर्षों से रह रही आवासनियों का पुनर्वास करना प्राथमिकता पर रहा इस प्रक्रिया की जटिलता को देखते हुए अध्यक्ष जाहिदा ने स्वयं आवासनियों से बातचीत व काउंसलिंग करके अल्प समय में ही वर्षों से रह रही कई आवासनियों का अब तक पुनर्वास करवाकर उन्हें सकुशल घर भेजने मैं जाहिदा को सफलता मिल चुकी है। पुनर्वास के साथ ही जो अध्यनरत छात्राएं हैं उनके लिए रोजगार सेमिनार आयोजित किए गए ताकि उनको समाज की मुख्यधारा से जोड़कर स्वावलंबी बनाया जा सके तथा अन्य आवासनियो को स्किल ट्रेनिंग द्वारा आत्मनिर्भर करने के प्रयास भी तीव्र गति से किए जा रहे हैं। अध्यक्ष जाहिदा शबनम मुख्यमंत्री की महिला हितेषी व महिला कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के साथ ही इस बात के भी प्रयास कर रही हैं कि सदन की आवासनियों को इन योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक कैसे मिल सके साथ ही इनके लिए विशेष क्या योजनाएं बनाई जाएं?

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतु का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादक: राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com